महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा (महाराष्ट्र)
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अन्तर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
Mahatama Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya,Wardha
(A Central University Established by Parliament by Act No.3 of 1997)
नैक द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त

आकर्षक है पूर्वोत्तर की कला एवं संस्कृति : प्रो. सुशील कुमार शर्मा

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के इलाहाबाद केंद्र में **'पूर्वोत्तर राज्य तथा मिजो संस्कृति'** पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। मिजोरम विश्वविद्यालय, आईजोल के हिंदी विभाग के प्रोफेसर तथा शिक्षा एवं मानविकी संकाय के संकायाध्यक्ष प्रो. सुशील कुमार शर्मा ने विशेष व्याख्यान के दौरान केंद्र के शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों से पूर्वोत्तर राज्य एवं मिजो संस्कृति पर विस्तार से चर्चा की। चर्चा के दौरान प्रो. शर्मा ने मिजोरम का खान–पान, रहन–सहन, तीज–त्योहार, शादी–व्याह से लेकर वहां की आर्थिक, वाणिज्यिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों के अतिरिक्त रंगमंच तथा सिनेमा के परिदृश्य पर शोधार्थियों तथा विद्यार्थियों के प्रश्नों का उत्तर दिया। इस व्याख्यान का संयोजन इलाहाबाद केंद्र प्रभारी डॉ. विधु खरे दास ने किया, जिसमें सहायक क्षेत्रीय निदेशक, डॉ. प्रकाश नारायण त्रिपाठी, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों में कृष्ण मोहन, राजेश अहिरवार, असगर अली, पंकज पाण्डेय, रूची गुप्ता, गौरव शर्मा, प्रदीप मौर्य आदि उपस्थित रहे, साथ ही आयोजन में केंद्र के कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा।

क्षेत्रीय केन्द्र
24/28–सरोजनी नायडू मार्ग, सिविल लाइन्स, इलाहाबाद–211001, उ.प्र., भारत
फोन– 0532–2420700, फैक्स : 0532–2424442, ईमेलः mgahvalld@gmail.com वेबसाइट : hindivishwa.org